राजस्थान सरकार
आयुक्तालय, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/ e-mail: innovation.cceraj@gmail.com Ph.: 0141-2706847 (O);

पत्रांक: CCE/ISDC/AAP/Assessment/2019-20/04 Date: 18 मार्च 2020

प्राचार्य एवं संकाय सदस्य
समस्त राजकीय महाविद्यालय,
राजस्थान ।

विषय: AAP मूल्यांकन बाबत ।

साथियों,

सभी प्राचार्य एवं शिक्षक साथियों का आभार कि *आप सभी के सहयोग एवं निष्ठापूर्वक कार्य से राज्य में पहली बार राजकीय महाविद्यालयों का वार्षिक अंकेक्षण कार्य ना केवल आरम्भ हुआ बल्कि उसके सार्थक परिणाम भी आ रहे हैं।*

इसी संबंध में कुछ बात आपको बतानी है -

1. कोरोना वायरस के संबंध में राज्य सरकार के निर्देशानुसार सभी राजकीय एवं निजी महाविद्यालयों में शिक्षण कार्य दिनाँक 30 मार्च 2020 तक रोका गया है, परंतु प्रशासनिक कार्य एवं AAP निरीक्षण प्रक्रिया जारी रहेगी।

2. महाविद्यालयों को इस AAP निरीक्षण कार्य को पूर्ण निष्ठा और राजकीय दायित्व समझकर निष्पादित करना/करवाना है। इसके आधार पर ही महाविद्यालयों के विकास की योजनाएं तैयार की जानी हैं। अतः निरीक्षण कार्य मे किसी प्रकार के तथ्यों को छुपाया नहीं जाना चाहिए।

3. सभी संकाय सदस्य एवं कार्मिक निरीक्षण टीम को सहयोग करें । किसी भी प्रकार के असहयोग को गंभीरता से लिया जायेगा ।

4. सभी महाविद्यालय AAP अंकेक्षण फॉर्मेट के अनुरूप अपनी तैयारी पहले से करके रखें । सूचना है की महाविद्यालयों ने इस अंकेषण के प्रति गंभीर तैयारी नहीं की है ।

5. संकाय सदस्यों से संबंधित सूचनाओं के लिए पुनः आग्रह है कि वे अपने संबंधित दस्तावेज निरीक्षण टीम/महाविद्यालयों को प्रस्तुत करें, इसे हल्के में ना लें। आपकी अकादमिक उपलब्धियों का लाभ महाविद्यालयों को मिलना चाहिए। संकाय सदस्य वांछित दस्तावेज उपलब्ध करवाएं।

6. निरीक्षण दल अपने दो दिवसीय निरीक्षण दौरे में पूर्ण समय निरीक्षण कार्य हेतु संबंधित महाविद्यालयों में दें, ताकि सटीक मूल्यांकन कार्य हो सके।

7. निरीक्षण दल निरीक्षण कार्यसमाप्ति उपरांत लौटने से पूर्व सम्बंधित महाविद्यालय के स्टाफ को अपना ऑब्जरवेशन एवं कमियां जरूर बताएं ताकि महाविद्यालय उन पर अमल आरम्भ कर सकें।

8. निरीक्षण कार्य के लिए भेजी गयी टीम के साथ स्टाफ का फोटोग्राफ प्राचार्य व्हाट्सएप्प ग्रुप में शेयर करें।

9. निरीक्षण उपरांत समाचार पत्रों में प्रकाशनार्थ महाविद्यालय प्राचार्य एक प्रेस नोट जारी करें। इसमें राज्य सरकार के निर्देशों की पालना में महाविद्यालय में AAP मूल्यांकन का समाचार एवं निरीक्षण से सीख के बारे में उल्लेख करें। इस समाचार में महाविद्यालय को प्राप्त स्कोर का उल्लेख नहीं करें। स्कोर परिणाम बाद में एक साथ आयुक्तालय द्वारा जारी किया जाएगा।

आप सभी के सहयोग एवं निष्ठा से हम सब मिलकर राज्य में कॉलेज शिक्षा में विकास और प्रगति का नया मार्ग प्रशस्त करेंगे।

बी. एल.गोयल RAS
अतिरिक्त आयुक्त, कॉलेज शिक्षा

पत्रांकः CCE/ISDC/AAP/Assessment/2019-20/04; Date: 18 मार्च 2020

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित है—

1. निजी सचिव, आयुक्त कॉलेज शिक्षा, राजस्थान।
2. निजी सहायक, अतिरिक्त आयुक्त कॉलेज शिक्षा, राजस्थान।
3. वित्तीय सलाहकार, आकाशि, जयपुर।
4. समस्त संयुक्त निदेशक आकाशि, जयपुर को समन्वय हेतु।
5. समस्त संबंधित क्षेत्रीय सहायक निदेशक, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान।
6. संबंधित प्रभारी अधिकारी, कॉलेज समूह, आकाशि, जयपुर।
7. समस्त प्रभारी एवं सदस्य गण, AAP निरीक्षण कार्यक्रम।
8. वैब प्रभारी को संबंधितों को ई–मेल करने हेतु।
9. रक्षित पत्रावली।

18/3/2020

डा. **विनोद कुमार भारद्वाज**
प्रभारी अधिकारी,
नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ